जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५३९-२५४०
विक्रम संवत् २०७०

तेरापंथ संवत्
२५३-२५४
ईस्वी सन् २०१३-२०१४

सम्पादक : मुनि सुमेरमल, लाडनूं (मंत्री मुनि)

जैन विश्व भारती
लाडनूं 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080, फैक्स : 01581-227280
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

₹10



प्रबल पुण्य का उदय है
तो कोई तुम्हें मार नहीं सकता और
प्रबल पाप का उदय है
तो कोई तुम्हें बचा नहीं सकता
तुम्हारे सुख-दुःख के जिम्मेवार तुम स्वयं हो।

– आचार्य महाश्रमण

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

भीकमचंद जीतमल चोरड़िया
बीदासर

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

भीकमचंद जीतमल चोरड़िया

बीदासर

J. M. JAIN

Cloth Merchant & Commission Agents

2285/9, Gali Hinga Beg, Tailak Bazar, Delhi - 110 006

Ph. : 23911055, 23961961, 32909508, 22081961, 22084393, 32911629

E-mail : jmjain_delhi@yahoo.com

जय भिक्षु

अर्हम्

जय महाश्रमण

कॉटेज (ईंटों वाले)	-	एक कमरा वातानुलित, एक कमरा कूलर वाला, रसोईघर एवं टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा	-	पलंग 2, कुर्सी 2, बिस्तर सेट 4, कूलर 1, बाल्टी-मग
निर्धारित राशि	-	85,000/- रु. (चातुर्मास काल तक)

कॉटेज (ईंटों वाले)	-	एक कमरा, रसोईघर एवं टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा	-	पलंग 2, बिस्तर सेट 2, कूलर 1, बाल्टी-मग
निर्धारित राशि	-	60,000/- रु. (चातुर्मास काल तक)

कुटीर (तुलसी नगर)	-	एक कमरा टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा	-	पलंग 1, बिस्तर सेट 2, कूलर 1, बाल्टी-मग
निर्धारित राशि	-	100/- रु. (प्रतिदिन)

कुटीर (तुलसी नगर)	-	केवल एक कमरा (टॉयलेट, बाथरूम कॉमन)
उपलब्ध सुविधा	-	बिस्तर सेट 2, कूलर 1, बाल्टी-मग
निर्धारित राशि	-	60/- रु. (प्रतिदिन)

कुटीर	-	प्लाई कमरा (टॉयलेट, बाथरूम कॉमन)
उपलब्ध सुविधा	-	बिस्तर सेट 2, कूलर 1, बाल्टी-मग
निर्धारित राशि	-	40/- रु. (प्रतिदिन)

भावभरा आमंत्रण

लाडनूं चातुर्मास 2013

नोट : १. सभी प्रकार के कॉटेजों, कुटीरों में एक कूलर की सुविधा रहेगी।
२. सभी प्रकार के कॉटेजों, कुटीरों में बिजली नहीं रहने पर जनरेटर की सुविधा उपलब्ध रहेगी परन्तु वातानुकूलित कॉटेजों में जनरेटर सुविधा से ए.सी. नहीं चल सकेगा।
३. सभी प्रकार के कॉटेजों, कुटीरों में विद्युत् मीटर स्थापित रहेगा एवं उपयोग के आधार पर बिजली का शुल्क किराये के अतिरिक्त अलग से देय होगा।

आचार्यश्री महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति, लाडनूं

फोन नं. : (01581) 226977, ई-मेल : ladnunchuaturmas2013@gmail.com

• वेबसाईट : www.terapanthladnun.com

सुरेन्द्र कुमार जैन 'धोसल', अध्यक्ष
09891709895

भागचन्द बरडिया, मंत्री
09414837789

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत ३५ वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में १४९वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् २०७० का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार तेरापंथ दर्शन मनीषी मंत्री मुनिश्री सुमेरमलजी (लाडनूं) ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार। समण संस्कृति संकाय के पूर्व विभागाध्यक्ष श्री रतनलाल चौपड़ा के अथक श्रम, दिशा-निर्देशन एवं सहयोग हेतु हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

निलेश बैद
निदेशक, समण संस्कृति संकाय

०१ दिसम्बर, २०१२

ताराचंद रामपुरिया
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

टापरा की कहानी

वर्तमान का टापरा गांव नेशनल मेगा हाईवे ११२ पर औद्योगिक नगरी बालोतरा से अहमदाबाद मार्ग पर १७ कि.मी. की दूरी पर स्थित है। कहा जाता है कि मालाणी का यह गांव १५वीं शताब्दी में मेवानगर की पहाड़ियों के पीछे कोलर स्थान पर बसा था, जिसके अवशेष खण्डहर के रूप में आज भी पहाड़ी पर विद्यमान है।

वर्तमान टापरा के बारे में ऐसी किंवदन्ती है कि पशुपालक (रेबारी) जाति की महिला पशु चराते हुए नीचे तलहटी में घनी झाड़ियों की तरफ आ गई, जहां उसे कबूतरों का समूह उड़ता हुआ नजर आया। वह उस स्थान को जानने की जिज्ञासा से वहां गई। जहां उसे एक कुआं दिखाई दिया जिसमें पर्याप्त पानी था। कहते हैं वहां से वह औरत अपनी चुनरी के छोटे-छोट दुकड़े झाड़ियों के बाधते हुए वापस कोलर स्थान (पहाड़ी) पर आई एवं उसने बस्ती वालों को कुंए में पानी होने की बात बताई। ज्ञातव्य है कि उस समय पानी की कमी को देखते हुए गांव वाले उस स्थान को देखने गये और वहीं बस गये जो कि वर्तमान में टापरा है।

रावल जेतमालजी जो कि मेवानगर से जसोल आये थे उनके चार पुत्र थे। उन्होंने विक्रम संवत् १७७६ में अपने द्वितीय पुत्र भैरूदासजी को टापरा का जागीरदार (शासक) बनाया।

नामकरण का इतिहास

टापरा नामकरण के सन्दर्भ में कहा जाता है कि शाह टोमा नाम के एक उदारमना, जो किसी भी जरूरतमन्द की मदद के लिए बिना किसी हिचकिचाहट के तैयार रहते थे। उन्हीं महादानी शाह टोमा के नाम से टापरा का नाम प्रचलित हुआ। शाह टोमा के लिए एक उक्ति कहावत के रूप में प्रचलित है जिसमें उनकी तुलना चित्तौड़ के भामाशाह के बराबर की गई है।

मरू जैसल आशकरण मेहता, भरी मेवाड़ में शाह भोमा।

कच्छ री धरा में जगरूशाह कहिजे, टापरा जागसा शाह टोमा।।

टापरा की धरोहर

वर्तमान के टापरा में २०० वर्ष से अधिक पुराना मठ है जिसके मठाधिपति बड़े ही साधनाशील व तपस्वी है। इस मठ के एक मठाधिपति सवनवनजी ने जीवित समाधि ली थी। इसके अलावा टापरा में माँ अम्बाजी, माता राणी भटियाणी, हनुमानजी, नाग देता, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, भैरूंजी व शनिदेव का मन्दिर भी है।

टापरा की विशेषता

टापरा प्रदूषण मुक्त गांव है। व्यापार की दृष्टि से कृषि प्रधान गांव है। यहां के लाल गेहूं (खारसीया) पूरे जोधपुर सम्भाग में उत्तम दर्ज के माने जाते हैं। गांव के चौंवटे में प्राचीन कुंआ है जो मठ से लगभग एक कि.मी. की दूरी पर स्थित होते हुए भी मठ के कुंए से भूगर्भ में जुड़ा हुआ है।

तेरापंथ और टापरा

तेरापंथ धर्मसंघ के अष्टम आचार्यश्री कालूगणी का विक्रम संवत् १९९२ में

टापरा पदार्पण हुआ। उसके बाद आचार्यश्री तुलसी का टापरा में वि. सं. २०१८, २०२१, २०२३ एवं २०४२ में पदार्पण हुआ। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी वि. सं. २०५८ में अहिंसा यात्रा को लेकर पधारे तथा उस प्रवास के दौरान आचार्यवर ने टापरा में पहली बार दीक्षा महोत्सव करवाया जिसमें ७ दीक्षाएं : १ संत, ४ साध्वी (श्रेणी आरोहण से) व दो समणी दीक्षा संपन्न हुई।

आचार्यश्री महाश्रमणजी, महाश्रमण मुनि मुदितकुमारजी के रूप में सिवांची मालाणी की यात्रा के दौरान वि. सं. २०४७ में टापरा पधारे तथा आचार्यश्री महाप्रज्ञ के साथ युवाचार्यश्री के रूप में (अहिंसा यात्रा के साथ) वि. सं. २०५८ में टापरा पधारे।

टापरा में प्रथम चातुर्मास वि. सं. २००५ में साध्वीश्री दाखांजी (खरणोटा) आदि ठाणा ५ का हुआ तथा अब तक साधु-साध्वियों के २२ चातुर्मास टापरा की पवित्र भूमि पर हो चुके हैं।

टापरा तेरापंथ समाज की धरोहर के रूप में तेरापंथ भवन, ज्ञानशाला भवन व विद्यालय भवन है। इसमें टापरा तेरापंथ भवन क्षेत्र के समस्त तेरापंथी सभा भवनों से अपनी अलग पहचान लिए हुए है। इस सभा भवन में किसी भी दानदाता के नाम का शिलालेख नहीं है।

तेरापंथ में टापरा के गौरव

तेरापंथ धर्मसंघ में टापरा की श्रमण परम्परा के रूप में प्रतिनिधित्व की शुरुआत वि.सं. २०३७ में मुनिश्री दिनेशकुमारजी की दीक्षा से हुई। वर्तमान में मुनिश्री दिनेशकुमारजी, मुनिश्री जयकुमारजी, मुनिश्री रोहितकुमारजी, मुनिश्री कांतिकुमारजी, साध्वीश्री सहजप्रभाजी, साध्वीश्री जयंतमालाजी, साध्वीश्री मौलिकप्रभाजी, साध्वीश्री मनोज्ञयशाजी एवं समणी अक्षयप्रज्ञाजी तेरापंथ धर्मसंघ में टापरा के गौरव के रूप में पूज्यप्रवर की अनुशासना में धर्मसंघ की श्रीवृद्धि में अपना योगदान दे रहे हैं।

वर्तमान में मुमुक्षु प्रीति पलागोता एवं मुमुक्षु ममता पालगोता पारमार्थिक शिक्षण संस्था में अध्ययनरत है, जिनकी समणी दीक्षा १५ फरवरी २०१३ को टापरा में आचार्यश्री महाश्रमणजी के करकमलों से सम्पन्न होने जा रही है।

इनके अतिरिक्त उपासक-उपासिकाएं भी धर्मसंघ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस गांव के श्रावक समाज में संघ व संघपति के प्रति अटूट आस्था है। यहां के अनेक श्रावक-श्राविकाओं को पूज्यवरों ने अपने श्रीमुख से विशिष्ट संबोधनों से संबोधित किया है। वर्तमान में टापरा जैन समाज के लगभग ५० परिवार हैं जिनमें लगभग ४८ परिवार तेरापंथी है

मेन मनी मेनेजमेन्ट-मुनि पॉवर

आचार्यश्री महाप्रज्ञजी सन् २००४ का चातुर्मास सिरियारी कर रहे थे। टापरावासियों की तीव्र भावना देखकर सन् २०१० का मर्यादा महोत्सव टापरा में करने की घोषणा की। इतने छोटे से गांव में तेरापंथ के कुंभ की घोषणा से आश्चर्य होना स्वाभाविक था। एक दिन कुछ श्रावक आचार्यश्री महाप्रज्ञजी से बोले :

श्रावकगणःभंते! मर्यादा महोत्सव जैसा महान् आयोजन तो वहां होना चाहिए जहां मेन पॉवर, मनी पॉवर व मेनेजमेन्ट पॉवर हो।

आचार्यवर : क्या चाहते हो?

श्रावकगण : आचार्यवर! आपने टापरा जैसे छोटे से क्षेत्र में सन् २०१० का मर्यादा महोत्सव प्रदान किया है वहां पर ये तीनों पॉवर कहां हैं?

आचार्यवर : देखो, इन तीनों पॉवर के अलावा एक पॉवर और है। वह है मुनि पॉवर। मुनि पॉवर टापरा में है और इस पॉवर से ही मर्यादा महोत्सव जैसा भव्य कार्यक्रम टापरा को दिया गया है। मुनि पॉवर के साथ मैन पॉवर, मनी पॉवर व मेनेजमेन्ट पॉवर अपने आप आ जाएंगे।

श्रावकगण : आचार्यवर! हमने ऐसे ही आपश्री से ऐसा सवाल कर लिया, वास्तव में तो आपश्री की कृपा दृष्टि ही काम आती है। आचार्यों के प्रताप से ही कार्य सफल होते हैं।

मोच्छब है यह टापरा का

स्मरण रहे परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाप्रज्ञजी सन् २०१० का घोषित १४६वां मर्यादा महोत्सव स्वास्थ्य आदि की अपेक्षा से टापरा में नहीं कर सके। वह कार्यक्रम परिवर्तित हो गया और वही मर्यादा महोत्सव श्रीडूंगरगढ़ में आयोजित हुआ। उस मर्यादा महोत्सव में बड़ी संख्या में टापरावासी संघ लेकर उपस्थित हुए तथा वहां पर करीब एक मास की सेवा भी की।

माघ शुक्ला सप्तमी को मर्यादा महोत्सव के मूल कार्यक्रम के मध्य पूज्यप्रवर ने प्रतिवर्ष की भांति मर्यादा महोत्सव पर नवनिर्मित गीत का संगान किया। गीत में पूज्यप्रवर ने टापरा के लिए भी एक पद्य का संगान किया कि यह मर्यादा महोत्सव वास्तव में है तो टापरा का परन्तु श्रीडूंगरगढ़ को अनुदान रूप में प्राप्त हुआ है। सचमुच टापरावासी इस बात के लिए धन्य हो गए कि तेरापंथ के आचार्यों के हृदय में टापरा के प्रति अथाह कृपा है। वह पद्य है :

डूंगरगढ़ की संपदा यह रहे सदा गतिमान।
मोच्छब है यह टापरा का प्राप्त हुआ अनुदान।।

आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा श्रीडूंगरगढ़ मर्यादा महोत्सव को अनुदान रूप में मान लेने के बावजूद भी एकादशम अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण ने आचार्य पद पर आरूढ़ होने के बाद अपनी ही जन्मभूमि सरदारशहर में सन् २०१० में सन् २०१३ का मर्यादा महोत्सव टापरा के लिए घोषित किया। जिसे क्रियान्वित करने व गुरु ऋण से उऋण होने के लिए १ फरवरी २०१३ को टापरा की धरती को पावन करने पधार रहे हैं जहां पर १ फरवरी से १७ फरवरी तक आपश्री का पावन प्रवास है तथा १५ से १७ को १४९वां मर्यादा महोत्सव सम्पन्न हो रहा है। टापरा का तेरापंथ समाज व सम्पूर्ण टापरा क्षेत्र आचार्यश्री महाश्रमणजी के प्रति कृतज्ञ है।

निवेदक

आचार्यश्री महाश्रमण मर्यादा महोत्सव आयोजन समिति

टापरा (बाड़मेर) राजस्थान

ऐतिहासिक नगरी लाडनूं : एक परिचय

थली-प्रदेश, मारवाड़ एवं शेखावाटी के संगम स्थल पर बसा यह कस्बा एक ऐतिहासिक नगर है। नागौर जिले के उत्तर-पूर्वी छोर पर बसा यह नगर जोधपुर-दिल्ली रेलवे मार्ग पर स्थित है।

महाभारत काल से इस नगर के अस्तित्व के प्रमाण मिलते हैं। शिशुपाल वंशी डाहलिया पंवारो व बाद में बागड़ियों के आधिपत्य से यह चंदेरी नगरी कहलाता था। चंदेरी के बाद इसका नाम हेमावास, हेवास एवं लाडनूं पड़ा।

नगर की ऐतिहासिकता सिद्ध करने के लिए इतिहास के पन्नों में अनेक तथ्य भरे पड़े है। सम्राट् अशोक के समय यहां बौद्ध मठ की स्थापना का भी उल्लेख मिलता है।

विशेष रूप से यह नगर जैन धर्म की तपोभूमि रहा है। सम्राट् अशोक के प्रपौत्र सम्राट् सम्प्रति ने यहां एक विशाल जैन मंदिर का निर्माण कराया जिसके भग्नावशेष वर्तमान दिगम्बर बृहद् जैन मंदिर के गर्भगृह में विद्यमान है। 11वीं सदी की विश्व स्तर पर चर्चित सरस्वती प्रतिमा नगर के इतिहास की एक धरोहर है। अनेकों भव्य मंदिर, मस्जिद, दरगाह, कुएं, तालाब, बावड़ी, वास्तु शिल्प की बेजोड़ कारीगरी अपने आपमें संजोये भवन इस छोटे से नगर की भव्यता की कहानी कहते हैं।

रेगिस्तान में स्थित होते हुए भी यह नगर उद्योग धंधे में भी पीछे नहीं है। खनन उद्योग से लाल पत्थर, पत्थर के जाली, झरोखे स्तम्भ यहां के कलात्मक उत्पाद है जो दूर-दूर तक भेजे जाते हैं। यहां की उंखल व घटी पंजाब व हरियाणा तक पहुंचती है। रंगाई-छपाई उद्योग में चुनरी, पोमचा, लहरिया 'लाडनूं साड़ी' देश के हर भाग में पहुंचती है। सबसे समृद्ध उद्योग के अंतर्गत पशु गाड़ियों के टायर व ऊंट छकड़ा निर्माण प्रमुख है। ऊंट छकड़ा में हवाई जहाज के टायर लगाने की कला का आविष्कार लाडनूं में ही हुआ। लाख उद्योग में चूड़ियों का कार्य, हथकरघा उद्योग में निवार, दरी, कालीन आदि का कार्य प्रमुख है। कुटीर उद्योग के अंतर्गत पापड़, बड़ी, चूरी, पाचक गोलियों के निर्माण का कार्य होता है।

शिक्षा के क्षेत्र में लाडनूं शहर का 1990 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूसरा स्थान था, जहां जनसंख्या के अनुपात में सर्वाधिक शिक्षण केन्द्र है।

60-70 हजार आबादी वाले इस छोटे से कस्बे में 20-20 हजार पुस्तकों से समृद्ध 2 पुस्तकालय, 30-40 धर्मशाला, अतिथि भवन, 7- 8 चिकित्सालय, नर्सिंग होम, आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक, चिकित्सालय आदि हैं। 700 बीघा जमीन (चार दीवारी सहित) एवं हजारों गायों से युक्त विशाल एवं समृद्ध गौशाला है।

अपने गरिमामय प्राचीन इतिहास को समेटे इस नगर की कीर्ति में उस समय चार चांद लग गये जब से इसे राष्ट्र संत, युगप्रधान आचार्य तुलसी की जन्मभूमि होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गणाधिपति तुलसी के कर्ममय जीवन के फलस्वरूप लाडनूं का नाम न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर अंकित हो गया। वर्तमान जैन जगत् के सबसे ज्यादा संगठित एवं सुव्यवस्थित तेरापंथ धर्मसंघ की राजधानी बन जाने का गौरव लाडनूं को प्राप्त है।

आकर्षण-बिन्दु

लाडनूं तेरापंथ धर्मसंघ की तपोभूमि, साधना-भूमि और तीर्थभूमि के रूप में रूप इतिहास-विश्रुत है। तेरापंथ धर्मसंघ के अनेक कालजयी पृष्ठों का आलेखन लाडनूं की इसी पुण्यभूमि पर हुआ है। वे कालजयी अभिलेख तेरापंथ इतिहास के अमिट दस्तावेज बने हुए हैंह

- तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्यश्री भिक्षु के चरण-स्पर्श से पावन।

- श्रीमज्जयाचार्य द्वारा तेरापंथ के विशिष्ट क्षेत्र के रूप में प्रतिष्ठित।
- तेरापंथ के आचार्यों के 28 चतुर्मास एवं 25 मर्यादा-महोत्सव।
- तेरापंथ के दस आचार्यों का पदार्पण।
- लगभग 155 वर्षों से वृद्ध साध्वियों का स्थिरवास केन्द्र।
- तेरापंथ साधु-समाज द्वारा सप्तमाचार्य डालगणी का निर्वाचन।
- दो आचार्यद्वय आचार्य डालगणि और आचार्य कालूगणी पदासीन।
- दो आचार्यों (आचार्य डालगणि और आचार्य महाप्रज्ञ) द्वारा अपने उत्तराधिकार-पत्र का आलेखन।
- आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा अपने गुरु आचार्य तुलसी को अपने उत्तराधिकारी (युवाचार्य महाश्रमण) का मनोनयन पत्र समर्पित।
- युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी की जन्मभूमि होने का गौरव।
- दो साध्वीप्रमुखाओं (साध्वीप्रमुखा लाडांजी, साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी) की मनोनयन भूमि।
- तीन आचार्यों (आचार्य मघराजजी, आचार्य माणकलालजी और आचार्य तुलसी) की दीक्षा भूमि।
- आचार्य तुलसी द्वारा धर्मसंघ में नई व्यवस्था का सूत्रपात एवं मुनि मुदितकुमार 'महाश्रमण' और साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा 'महाश्रमणी' पद पर नियुक्त।
- आचार्य तुलसी के 75वें वर्ष के योगक्षेम प्रशिक्षण वर्ष, जिसमें 84 संत और 162 साध्वियों की उपस्थिति।
- तपस्या एवं अनशन के अनेक कीर्तिमान स्थापित।
- समणी श्रेणी का सूत्रपात।
- दो सौ से अधिक साधु-साध्वियां समाधिमरण को संप्राप्त।
- सप्तमाचार्य डालगणी, सेवाभावी मुनिश्री चंपालालजी, आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की संसारपक्षीय भगिनी साध्वी मालूजी एवं दीर्घ तपस्विनी साध्वी पन्नाजी के भव्य स्मारक।
- श्रावक सुमेरमलजी का 121 प्रहरी पौषध।
- शिक्षा, सेवा, शोध, समन्वय, साधना, साहित्य, संस्कृति के लिए समर्पित संस्थान 'जैन विश्व भारती'।
- विश्व का प्रथम जैन विश्वविद्यालय 'जैन विश्व भारती संस्थान'।
- मुमुक्षु एवं उपासिका बहिनों के शिक्षण-प्रशिक्षण का केन्द्र 'पारमार्थिक शिक्षण संस्था'।
- परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी द्वारा 'तेरापंथ की राजधानी' के रूप में स्वीकृत।

हम सब लाडनूंवासियों का परम सौभाग्य है कि इस वर्ष आचार्यश्री महाश्रमणजी का आचार्य के रूप में प्रथम चातुर्मास पुण्य भूमि लाडनूं को प्राप्त हुआ है। परम पूज्य आचार्यप्रवर ससंघ आगामी दिनांक 17 जुलाई 2013 को लाडनूं पधार रहे हैं। पूज्यप्रवर के पावन सान्निध्य में शृंखलाबद्ध आयोजनों के साथ इस चातुर्मास में आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह का शुभारंभ सबसे महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर होगा।

देश-विदेश में प्रवासित धर्मसंघ के समस्त श्रावक-श्राविकाओं को हमारा सादर आमंत्रण है कि आप सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में लाडनूं पधारें। आचार्यवर के सेवा दर्शन के साथ-साथ आपको अधिकतम संत-सतियों का दर्शन सेवा का अवसर प्राप्त हो सकेगा। आप हमें अपना आतिथ्य प्रदान कर सेवा का अवसर दें। सभी का स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा ऐसा विश्वास है।

-: निवेदक :-

आचार्यश्री महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति, लाडनूं

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह 2013-2014

भारत में संत-मनीषियों की एक सुदीर्घ परम्परा रही है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व से समय-समय पर देश का सचेत मार्गदर्शन किया है। बीसवीं सदी में उसी मणिमाला के एक संतरत्न हुए हैं—आचार्य तुलसी। उनका जन्म 20 अक्टूबर 1914 को राजस्थान के एक कस्बे लाडनूं में ओसवाल जैन परिवार में हुआ। 15 दिसम्बर 1925 को जीवन के 12वें वर्ष में उन्होंने जैनधर्म के श्वेताम्बर तेरापंथ सम्प्रदाय के अष्टमाचार्य कालूगणी के पास जैनमुनि-दीक्षा ग्रहण की। मात्र 22 वर्ष की लघु वय में वे तेरापंथ के नवम आचार्य के रूप में अधिष्ठित हो गए।

तेरापंथ उस समय अपेक्षाकृत एक छोटा सम्प्रदाय था पर सुदृढ़ आचार-विचार, कुशल अनुशासन एवं आचार्य तुलसी के स्फूर्त नेतृत्व ने उसे जो विराटता प्रदान की, वह आज विश्रुत है। आचार्य तुलसी ने अपने आचार्य काल के प्रथम 11 वर्ष संघ के आंतरिक निर्माण में लगाए। उसे शिक्षा तथा साहित्य से सन्नद्ध कर एक नया परिवेश प्रदान किया।

34 वर्ष की उम्र में 1 मार्च 1949 को आचार्य तुलसी ने अणुव्रत के रूप में एक असाम्प्रदायिक नैतिक आन्दोलन का प्रवर्तन किया। भारत की स्वतंत्रता ने उस आदि युग में विभिन्न क्षेत्रों के अनेकानेक शिखरपुरुषों के साथ-साथ आम-आवाम का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला। अणुव्रत के मिशन को लेकर उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों की पदयात्रा कर अहिंसक चेतना, सह-अस्तित्व, सत्यनिष्ठा, प्रामाणिकता, सर्वधर्म सद्भाव, नैतिक अभ्युदय, मानवीय एकता, चरित्र-शुद्धि आदि मूल्यों की प्रतिष्ठा की दृष्टि से भगीरथ प्रयत्न किया। इसके साथ ही व्यसन-मुक्ति, रूढ़ि-उन्मूलन, नारी-जागरण, अस्पृश्यता-निवारण आदि क्षेत्रों में भी उनका योगदान अत्यन्त उल्लेखनीय रहा है।

41 वर्ष की उम्र में आचार्य तुलसी ने जैन आगमों के शोध का कार्य अपने हाथों में लिया। निश्चय ही प्राच्य विद्याओं के विकास में उनके जीवन की यह एक विशेष उपलब्धि थी।

अपने उत्तराधिकारी आचार्य महाप्रज्ञ की प्रज्ञा को उभरने का मौका देकर आचार्य तुलसी ने प्रेक्षाध्यान और जीवन-विज्ञान के नए आयाम खोजने में अपनी क्षमता का सुघड़ उपयोग किया। अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय की दिशा में किए गए उनके प्रयास भी अत्यन्त श्लाघनीय हैं। 18 फरवरी 1994 को उन्होंने आचार्य पद का विसर्जन कर एक नया इतिहास रचा। मानवता की महनीय सेवा के लिए उन्हें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार आदि अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। 23 जून 1997 को गंगाशहर (बीकानेर) में उनका महाप्रयाण हो गया।

सन् 2013-2014 में आचार्य तुलसी की जन्म शताब्दी का आयोजन तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के आध्यात्मिक नेतृत्व में किया जा रहा है। एतदर्थ आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया है।

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह संयोजना : निर्धारित परियोजना

- तेरापंथ धर्मसंघ में 100 मुनि दीक्षाएं
- अणुव्रती बनाने का राष्ट्रव्यापी अभियान
- अणुव्रत प्रचेताओं का निर्माण
- अणुव्रत के संदर्भ में प्रत्येक मास की शुक्ला द्वितीया अथवा उसके निकटवर्ती रविवार आदि के दिन मासिक संगोष्ठी का आयोजन
- अणुव्रत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
- राष्ट्रव्यापी अणुव्रत संकल्प यात्रा
- विद्यालयों में अणुव्रत नियमावली का आलेखन
- विद्यालयों में अणुव्रत परीक्षाओं का उपक्रम
- विराट अभिनव सामायिक का आयोजन
- आचार्य तुलसी के सम्पूर्ण साहित्य का तुलसी वाङ्मय के रूप में व्यवस्थित प्रस्तुतीकरण
- आचार्य तुलसी की चयनित कृतियों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद
- आचार्य तुलसी स्मृति ग्रन्थ का निर्माण
- आचार्य तुलसी जीवन वृत्त का लेखन
- तुलसी महाकाव्यम् का सम्पादन
- आचार्य तुलसी पर एनिमेशन फिल्म
- आचार्य तुलसी के ऐतिहासिक चित्रों की दीर्घा
- आचार्य तुलसी की जन्मभूमि लाडनूं में आचार्य तुलसी नगर द्वार का निर्माण
- विभिन्न नगरों में आचार्य तुलसी चौक, आचार्य तुलसी मार्ग नामकरण
- अनेक नगरों में तेरापंथ भवनों का निर्माण
- प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया प्रबन्धन

- **शुभारम्भ** : कार्ति शुक्ला 2 वि.सं. 2070, 5 नवम्बर 2013
- **समापन** : कार्तिक शुक्ला 2 वि.सं. 2071
  25 अक्टूबर 2014
- पावन पथदर्शन : तेरापंथ के 11वें अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण

चरण	तिथि	दिनांक	स्थान
प्रथम	कार्तिक शुक्ला द्वितीया वि.सं. 2070	5 नवम्बर 2013	लाडनूं
द्वितीय	माघ शुक्ला षष्ठी वि.सं. 2070	5 फरवरी 2014	गंगाशहर
तृतीय	भाद्रपद शुक्ला नवमी वि.सं. 2071	7 सितम्बर 2014	दिल्ली
चतुर्थ	कार्तिक शुक्ला द्वितीया वि.सं. 2071	25 अक्टूबर 2014	दिल्ली

नोट : ऊपर लिखित कार्यक्रम के चारों चरण आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में आयोजित होंगे। प्रत्येक चरण का आयोजन साप्ताहिक निर्धारित है।

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति

अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नं दिल्ली-110 002

ई-मेल : mail@acharyatulsi.in, मो. : +91 9654000054, 9654000055. www.acharyatulsi.in

अध्यात्म ऊर्जा का केन्द्र : जैन विश्व भारती

विश्व इतिहास में मानव संस्कृति को सार्थक दिशा देने वाले महापुरुषों में क्रांतिकारी द्रष्टा, विश्वसंत गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के स्वप्नों की साकार प्रतिमान जैन विश्व भारती की स्थापना शिक्षा, शोध साधना एवं सेवा के विशेष उद्देश्यों के साथ सन् 1970 में राजस्थान के नागौर जिले के लाडनूं नगर में हुई। जैन विश्व भारती अहिंसा और शांति का अनुपम सांस्कृतिक केन्द्र है। शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय इन सात महान प्रवृत्तियों को अपने आप में समेटे हुए यह संस्था तपोवन का रूप ले चुकी है और यहां के प्रकंपन यह इंगित दे रहे हैं कि यह प्राचीन काल से कोई तपोभूमि रही है। तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक संरक्षण व निर्देशन में संस्था निरन्तर गतिशील है।

शिक्षा

जैन विश्व भारती की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें से एक मुख्य प्रवृत्ति है–शिक्षा। इस उद्देश्य की पूर्ति यहां प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के तत्त्वावधान में वर्तमान में विमल विद्या विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर एवं टमकोर संचालित हैं। मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय से अब तक लगभग 45,000 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च पदों पर पहुंच कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

भावी पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा के विकास की दृष्टि से **'समण संस्कृति संकाय'** के अंतर्गत जैन विद्या की शिक्षा प्रदान की जाती है।

मनुष्य के बौद्धिक विकास के साथ मानसिक, भावनात्मक और चारित्रिक विकास हेतु आचार्यश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने **'जीवन विज्ञान'** की परिकल्पना प्रस्तुत की। ध्यान, योग एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा का यह क्रांतिकारी प्रयोग जैन विश्व भारती के अंतर्गत **'केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी'** द्वारा साकार हो रहा है।

सेवा

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी जैन विश्व भारती अग्रणी है। जैन विश्व भारती परिसर में **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** तथा बीदासर में **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र'** सुचारु रूप से संचालित हैं।

'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला' द्वारा चिकित्सा सेवा विषयक जन-कल्याणकारी प्रवृत्ति का संचालन किया जाता है। यहां जिन औषधियों का निर्माण होता है वे आयुर्वेद विभाग से प्राप्त ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेन्स के अंतर्गत जी.एम.पी. प्रमाणित हैं।

प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर एवं फिजियोथेरेपी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी मानव कल्याण केन्द्र'** की स्थापना जैन विश्व भारती की एक इकाई के रूप में बीदासर में की गई। यहां आधुनिक उपकरणों द्वारा व्यायाम की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में केन्द्र के अंतर्गत होमियोपैथिक चिकित्सा से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

साधना

प्रेक्षाध्यान–आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा निर्देशित प्रेक्षाध्यान पद्धति के निरंतर प्रयोग, प्रशिक्षण एवं शोध का केन्द्र है जैन विश्व भारती स्थित–**'तुलसी अध्यात्म नीडम्'**, जहां योग एवं अध्यात्म साधना के अभ्यास एवं प्रशिक्षण के द्वारा व्यक्ति के भाव परिष्कार व संवेग परिवर्तन के प्रयोग होते हैं। सन् 1978 में स्थापित तुलसी अध्यात्म नीडम् का उद्देश्य है–प्रेक्षाध्यान का प्रशिक्षण, विकास एवं अभिकाधिक प्रचार-प्रसार करना।

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका **'प्रेक्षाध्यान'** का विगत 31 वर्षों से जैन विश्व भारती के अंतर्गत तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है।

साहित्य

साहित्य प्रकाशन एवं वितरण–साहित्य प्रकाशन एवं वितरण जैन विश्व भारती की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान, प्रेक्षाध्यान आदि से संबंधित साहित्य के साथ आचार्य भिक्षु, श्रीमद् जयाचार्य, आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, आचार्य महाश्रमण एवं साधु-साध्वियों, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/सम्पादित साहित्य का प्रकाशन विगत लगभग 39 वर्षों से किया जा रहा है। जैन विश्व भारती गत 2-3 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रकाशकों के साथ मिलकर भी साहित्य प्रकाशन व वितरण का कार्य कर रही है।

शोध

जैन विश्व भारती की स्थापना के उद्देश्यों में **शोध** का विशेष स्थान है। पूज्य आचार्यश्री तुलसी ने इसकी स्थापना के उद्देश्यों में जैन धर्म एवं दर्शन के उच्च-स्तरीय शोध संस्थान की परिकल्पना सामने रखी थी। उसी परिकल्पना की सुखद परिणति स्वरूप जैन विश्व भारती की शोध प्रवृत्ति के अंतर्गत आगम सम्पादन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह कार्य पूर्व में आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमणजी के निर्देशन में चल रहा है। आगम सम्पादन के प्रबन्धन का सारा दायित्व जैन विश्व भारती द्वारा निर्वहन किया जा रहा है।

हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग–जैन विश्व भारती में अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ जैन हस्तलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनकी सुरक्षा एवं संरक्षण जैन विश्व भारती के हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है।

समन्वय

पुरस्कार एवं सम्मान–जैन विश्व भारती द्वारा कुल 10 पुरस्कारों का संचालन विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य पुरस्कार, आचार्य तुलसी अनेकान्त सम्मान, आचार्य तुलसी प्राकृत पुरस्कार, संघ सेवा पुरस्कार, जय तुलसी विद्या पुरस्कार, आचार्य महाप्रज्ञ अहिंसा प्रशिक्षण सम्मान, महादेवलाल सरावगी जैन आगम मनीषी पुरस्कार, जीवन विज्ञान पुरस्कार, गंगादेवी सरावगी जैन विद्या पुरस्कार आदि पुरस्कारों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने एवं उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी प्रतिभा का सम्यक् मूल्यांकन किया जाता है।

संस्कृति

तुलसी कलादीर्घा–जैन विश्व भारती में स्थित तुलसी कलादीर्घा (आर्ट गैलरी) में जैन धर्म को दर्शाने वाली प्राचीन एवं अर्वाचीन चित्रों एवं हस्तकलाओं की प्रचुर सामग्री का संग्रह किया गया है। दुर्लभ, कलापूर्ण, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व की प्रदर्शन योग्य सामग्री के साथ तेरापंथ के आचार्यों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से संबंधित प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री को यहां पर शो विंडो में कलापूर्ण ढंग से सुसज्जित किया गया है।

उक्त सभी गतिविधियों के साथ सुरम्य हरीतिका से सुशोभित परिसर जैन विश्व भारती के बाह्य सौन्दर्य की मुखर कहानी कह रहा है। जैन विश्व भारती परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है। आप यहां पधारें एवं यहां संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के विकास हेतु आपके अमूल्य सुझावों एवं विचारों का स्वागत है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें–

जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राजस्थान)
फोन : (01581) 226025/80, फैक्स : 227280
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com
वेबसाईट : www. jvbharati.org

जैन विश्व भारती की एक महत्वाकांक्षी परियोजना

'आचार्य तुलसी अक्षय निधि कोष'

जैन विश्व भारती द्वारा शिक्षा, शोध, साधना, साहित्य, सेवा, संस्कृति एवं समन्वय संबंधी विविधमुखी गतिविधियां संचालित की जा रही है। मानवीय मूल्यों को समर्पित यह संस्था संपूर्ण जैन समाज को आचार्य तुलसी की अमूल्य देन है, इन गतिविधियों को ओर अधिक विकास देना है।

सन् 2013-14 में आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी का सुअवसर सन्मुख है एवं वर्षव्यापी आयोजन का प्रारंभ आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में जैन विश्व भारती के प्रांगण में हो रहा है। जैन विश्व भारती की गतिविधियों के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु ₹21 करोड़ की राशि के **"आचार्य तुलसी अक्षय निधि कोष"** के निर्माण का निर्णय किया गया है। आचार्य तुलसी अक्षय निधि कोष में प्रत्येक अनुदानदाता से न्यूनतम ₹11 लाख के अनुदान का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अतिरिक्त संस्था में एक हजार नवीन आजीवन सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जैन विश्व भारती का आजीवन सदस्यता शुल्क ₹ 21000/- निर्धारित है।

जैन विश्व भारती से जुड़ने का यह एक सुअवसर है, इसके विकास में सहभागी बनें।

:: निवेदक ::

अध्यक्ष
9950436853

मंत्री
9432202695

जैन विश्व भारती

मन की शांति और सामंजस्य चाहते हो तो कषाय को उपशांत करो।
ह्न आचार्य महाप्रज्ञ

अनीति के पथ पर चलने वाला व्यक्ति जीवन में सफल नहीं होता।
ह्नआचार्य महाश्रमण



श्रद्धावनत

सलिल लोढ़ा

आमेट - मुलुंड (मुंबई)

अर्हम्

भाग्य की चिन्ता नहीं, अच्छा पुरुषार्थ करो, भाग्य स्वतः अच्छा हो जायेगा।

ह्लआचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

पानीदेवी - सुमेरमल तातेड़

उषा - अशोक तातेड़

संगीता - दीपक तातेड़

अपेक्षा, शुभानी, मुस्कान, मुदित, आशीष तातेड़



मै. सोहनराज सुमेरमल जैन

A-26, बासनी मण्डी

जोधपुर

M. 9414132965

$S

ESTD-1960

मै. एस.एस. केम इण्डस्ट्रीज

F-60, I-फेस, बासनी

जोधपुर

M. 9829021965

परम पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री महाश्रमणजी के जोधपुर आगमन पर हार्दिक स्वागत

ॐ अर्हम्

अ.सि.आ.उ.सा. नमः

आचार्यश्री महाश्रमणजी
के चरणों में शत-शत वन्दन।

शुभकामनाओं सहित

चन्दनमल गुजरानी
नवरतन, हीरा गुजरानी

गुजरानी ज्वैलर्स, जयपुर
2577111,2618202
9829055202,9314879077

गुजरानी इन्टरनेशनल, मुंबई
23679475,23635627
9820046298

सहन करने की शक्ति का विकास होगा, तभी मैत्री का अनुभव होगा।

ह्न आचार्य महाप्रज्ञ

शांति बनाए रखने के लिए सत्य को छोड़ देना उचित नहीं।

ह्न आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

फ्लोवर्स वैली प्रा. लि.

पुणे - बैंगलोर

E-mail : nirmalkothari@hotmail.com

एक क्षण भी प्रमाद मत करो। वाक्य छोटा है, साधना बहुत बड़ी।

ह्न आचार्य महाप्रज्ञ



यदि जीवन में संयम अवतरित हो जाता है तो
व्यक्ति सुखमय जीवन जी सकता है।

ह्न आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

अमरचंद धरमचंद लूंकड़

राणावास - चेन्नई

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य हैह्न आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई हैह्न

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' ह्न का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ह्न का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतुह्न का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ह्न का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतुह्न का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतुह्न का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' ह्न का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं श्वीं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ।।१ ।।
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ।।२ ।।
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ।।३ ।।
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ।।४ ।।
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ।।५ ।।ह्न का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०ह्न आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रिह्न ४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं ।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं ।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं ।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम ।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैंह्न

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसेह्न चैत्र शुक्ला चतुर्थी २१/३६ बजे है। इसका तात्पर्य हैह्न यह तिथि उस दिन २१ बजकर ३६ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में ९ बजकर ३६ मिनट तक है। चैत्र शुक्ला द्वितीया १७/२५ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर २५ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला सप्तमी को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र १२/४७ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर १२ बजकर ४७ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसेह्नचैत्र शुक्ला तृतीया को चंद्रमा वृष राशि में अर्थात् प्रातः ७ बजकर ५२ मिनट पर वृष राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसेह्नचैत्र शुक्ला चतुर्थी को रोहिणी नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। चैत्र शुक्ला अष्टमी (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय "रात्रि समय" और उसके बाद "दिवा समय" होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं ःह्न

- र.ह्नरवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.ह्नअमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.ह्नराजयोग (शुभ)
- कु.ह्नकुमार योग (शुभ)

- सि.ह्रसिद्धि योग (शुभ)
- मृ.ह्रमृत्यु योग (अशुभ)
- व्या.ह्रव्याघात योग (अशुभ)
- वै.ह्रवैधृति (अशुभ)
- व्य.ह्रव्यतिपात योग (अशुभ)
- ज्वा.ह्रज्वालामुखी योग(अशुभ)
- पं.ह्रपंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
- भ.ह्रभद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
- यम.ह्रयमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार हैह्रमेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है। कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुरह्न इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहु विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

चौघड़िया का काल दिन-रात छोटे-बड़े होने के अनुसार न्यूनाधिक होता रहता है। प्रत्येक दिन के सूर्योदय से सूर्यास्त तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने पर जो एक भाग प्राप्त होगा वह उस दिन में एक चौघड़िया का मान होगा, अर्थात् दिन की समयावधि का आठवां हिस्सा एक चौघड़िया होता है। इसी प्रकार सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने से प्राप्त होने वाला एक हिस्सा रात्रि के चौघड़िये का मान होता है। अर्थात् रात्रि की समयावधि का आठवां हिस्सा रात्रि का एक चौघड़िया होता है।

चौघड़िये में उद्वेग, काल और रोगह्न ये तीन अशुभ हैं। शेष तीन लाभ, अमृत

और शुभद्वये चौघड़िये श्रेष्ठ होते हैं। शुक्र के अर्थात् चल (चंचल) वेला के चौघड़िये को भी अच्छा मानते हैं। श्रेष्ठ चौघड़िये में सभी कार्य करने प्रशस्त हैं। अमृत का चौघड़िया सभी शुभ कार्यों में अत्युत्तम है।

इस तिथि-पत्रक में लाडनूं को केन्द्र मानकर सूर्योदय एवं सूर्यास्त दिया गया है। उससे पूर्व दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। उससे पश्चिम दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट बाद में सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। लाडनूं अक्षांश २७०-४००, उत्तर पर है। रेखांश ७४०-२४० पूर्व है। अयनांश २३० १७'-१८' रेखांतर ३२ मिनट २० सैकिण्ड है। बेलान्तर+२ मिनट ३२ सैकिण्ड है। पलभा ६-१० है।

धार्मिक उपासना में पर्व तिथियों का अपना महत्त्व होता है। पक्खी आदि का प्रतिक्रमण तिथि के आधार पर करना पड़ता है। पहले इसे 'पक्खी' के नाम से संत तैयार करते थे। उसे हर सिंघाड़े (ग्रुप) को एक-एक दे दिया जाता था, बाद में 'लघु-पंचांग' के नाम से श्री हनूतमलजी सुराणा (चूरू) छपाने लग गये। परमाराध्य गुरुदेव व आचार्यवर की दृष्टि से पिछले कई वर्षों से इसका संपादन संतों द्वारा होने लगा। 'लघु पंचांग' के बाद 'जय पंचांग' के रूप में सामने आया। सन् १९८४ से इसका संपादन मेरे द्वारा होने लगा। वर्तमान में यह **'जय-तिथि-पत्रक'** के नाम से प्रकाशित हो रहा है।

२७ नवम्बर २०१२ — **मुनि सुमेर (लाडनूं)**

तेरापंथ भवन, जसोल

विशेष अवगति

वर्ष के दिनमानइस वर्ष मास १२, पक्ष २४, तिथि क्षय १९, तिथि वृद्धि १३, कुल दिन ३५४

गाज बीज की अस्वाध्याय नहींज्येष्ठ शुक्ला १३, शुक्रवार, दिनांक २१ जून २०१३ से कार्तिक कृष्णा ४, बुधवार, दिनांक २३ अक्टूबर २०१३ तक।

चंद्र ग्रहण (मांद्य)आश्विन शुक्ला १५, शुक्रवार, दिनांक १८/१९ अक्टूबर २०१३

सूर्य ग्रहणइस वर्ष भारत में कोई सूर्य ग्रहण नहीं।

मलमास(i) वर्ष प्रारंभ से चैत्र शुक्ला ४, रविवार, दिनांक १४ अप्रैल २०१३ तक रहेगा। यह पिछले वर्ष फाल्गुन शुक्ला ३, गुरुवार, दिनांक १३ मार्च २०१३ से प्रारंभ हो चुका था।

(ii) मार्गशीर्ष शुक्ला १४, सोमवार, दिनांक १६ दिसम्बर २०१३ से प्रारंभ, पौष शुक्ला १३, सोमवार, दिनांक १३ जनवरी २०१४ को संपन्न।

(iii) फाल्गुन शुक्ला १४, शनिवार, दिनांक १४ मार्च २०१४ से प्रारंभ, अगले वर्ष में चलेगा।

तारा(१) गुरु अस्तज्येष्ठ कृष्णा १४, शुक्रवार, दिनांक ७ जून २०१३ से प्रारम्भ, आषाढ़ कृष्णा ११, बुधवार, दिनांक ३ जुलाई २०१३ को संपन्न।

(२) शुक्र अस्त(i) पिछले वर्ष माघ शुक्ला १२, शुक्रवार, दिनांक २२ फरवरी २०१३ से प्रारम्भ, चैत्र शुक्ला १०, रविवार, दिनांक २१ अप्रैल २०१३ को संपन्न।

(ii) पौष शुक्ला ८, बुधवार, दिनांक ८ जनवरी २०१४ से प्रारम्भ, पौष शुक्ला १४ (पू.) मंगलवार, दिनांक १४ जनवरी २०१४ को सम्पन्न

नोटग्रहण, मलमास तथा गुरु, शुक्र के अस्तकाल में विशिष्ट शुभ कार्य वर्जनीय हैं।

विशेष ज्ञातव्य

(क) विशेष मुहूर्त्त

(१) अभिजित मुहूर्त्त, (२) रवियोग, (३) अमृत का चौघड़िया
(४) दीपावली का प्रदोषकाल (सूर्यास्त से दो घड़ी-४८ मिनट तक)
(५) पुष्य नक्षत्र के साथ रविवार या गुरुवार सदा श्रेष्ठ माना जाता है। गुरु-पुष्य विवाह में वर्जित है।

(ख) यात्रा के लिए आवश्यक

